न्यायालय अति.जिला कलेक्टर,टोंक

(मुरारी लाल शर्मा,आर0ए0एस0 द्वारा अध्यासित)

प्रकरण संख्या 42/2021
प्रविष्टि दिनांक 18.11.2021

1–कैलाश पुत्र किशन लाल जाति गुर्जर निवासी पनवाड मोड तहसील देवली जिला टोंक
2–नरेश पुत्र किशन लाल जाति गुर्जर निवासी पनवाड मोड तहसील देवली जिला टोंक
3–हंसराज पुत्र किशन लाल जाति गुर्जर निवासी पनवाड मोड तहसील देवली जिला टोंक
4–गणेश पुत्र लादू जाति गुर्जर निवासी पनवाड मोड तहसील देवली जिला टोंक

–अपीलान्ट

बनाम

नायब तहसीलदार देवली जिला–टोंक राजस्थान

–रेस्पोडेण्ट

अपील अन्तर्गत धारा 75 रा0ले0रे0एक्ट विरूद्ध निर्णय न्यायालय नायब तहसीलदार देवली दिनांक 03.11.2021 धारा 91(3) राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थिति : (1) श्री बनवारी लाल शर्मा, अभिभाषक अपीलान्ट
(2) श्री मजहर आलम, राजकीय अभिभाषक रेस्पोडेण्ट

निर्णय

दिनांक 25.11.2021

अपील का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार देवली ने अपने आदेश दिनांक 03.11.2021 के द्वारा अपीलान्ट को भूमि खसरा नम्बर 92,96,103,106 व 107/3604 मे से रकबा क्रमशः 0.50,0.54,1.35,0.19 व 0.06 है0 किस्म चरागाह वाके ग्राम पनवाड मोड पर पश्चातवर्ती अतिक्रमण मानकर शास्ति कायम कर भूमि से बेदखल कर 30 दिवस की सिविल कारावास की सजा से दण्डित किया है। अपीलान्ट ने नायब तहसीलदार देवली के उक्त आदेश से व्यथित होकर आदेश को खिलाफ कानून बताते हुए निरस्त किये जाने हेतु अपील प्रस्तुत की है।

प्रकरण प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया एंव तलबी [illegible] स जरिए सम्मन की जाकर अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली तलब की गई [illegible] अपीलान्ट एंव राजकीय अभिभाषक की बहस सुनी गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.12.30 10:45:21 IST
Reason: SelfAttested

अतिरिक्त जिला कलेक्टर
टोंक

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट्स ने दोराने बहस अपील में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांट को सुनवाई का अवसर नही दिया गया है और न ही अपीलांट की प्रोपर तामिल हुई है। अधीनस्थ न्यायालय ने बिना पटवारी हल्का के बयान लिये बिना ही निर्णय पारित किया है। मौके पर वास्तविक रूप से बिना जांच किये ही अपीलाधीन निर्णय पारित किया है। अपीलांट्स का उक्त आराजीयात पर अतिक्रमण नही है। अपीलांट्स पश्चातवर्ती अतिक्रमी नही हैं। अपीलांट्स ने कब्जा छोडने बाबत शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। अतः अपील अपीलाण्ट्स स्वीकार कर अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय निरस्त किया जावे।

अपीलान्ट्स के विद्वान अभिभाषक की बहस का जवाब देते हुए राजकीय परोकार ने कथन किया कि सम्मन पर अपीलाण्ट्स की विधिवत तामिल हुई है। अतिक्रमी अधीनस्थ न्यायालय मे उपस्थित हुये है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली के अवलोकन से यह भी ज्ञात होता है कि अपीलान्ट्स ने उक्त आराजी खसरा नम्बर पर इससे पूर्व में भी अतिक्रमण किया था। अतिक्रमी चरागाह भूमि पर बार बार अतिक्रमण करने का आदी है, उपलब्ध दस्तावेजात से अपीलाण्ट्स का पश्चातवर्ती अतिक्रमी होना सिद्व है। अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय सही एंव उचित है। अपीलांट्स द्वारा राजकीय भूमि से अपना कब्जा हटाने तथा भविष्य मे किसी भी राजकीय भूमि पर अतिक्रमंण नही करने की शर्त पर सिविल कारावास की सजा स्थगित की जाती है तो आपत्ति नही है।

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट्स एंव राजकीय अभिभाषक की बहस पर मनन किया एंव अधीनस्थ न्यायालय की अपीलाधीन पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अध्ययन करने से विदित होता है कि अपीलान्ट्स को अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पश्चातवर्ती अतिक्रमण का नोटिस दिया गया है। अपीलाण्ट्स की विधिवत रूप से तामील हुई है। अपीलाण्ट्स अधीनस्थ न्यायालय मे उपस्थित हुये है। अपीलान्ट्स द्वारा सार्वजनिक उपयोग की राजकीय भूमि खसरा नम्बर 92,96,103,106 व 107/3604 मे से रकबा क्रमशः 0.50,0.54,1. 35,0.19 व 0.06 है0 है0 किस्म चरागाह वाके ग्राम पनवाड तहसील देवली पर तारबंदी,मकान बाडा व जोत कर अतिक्रमण किया है। अपीलांट्स द्वारा शपथ पत्र बाबत हटाये जाने कब्जा प्रस्तुत किया। राजकीय पेरोकार ने भी अपीलांट्स द्वारा राजकीय भूमि से अपना कब्जा हटाने तथा भविष्य मे किसी भी राजकीय भूमि पर अतिक्रमण नही करने की शर्त पर सिविल कारावास की सजा स्थगित की जाती है तो आपत्ति नही की है। ऐसी स्थिति मे अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय मे हस्तक्षेप किया जाना उचित प्रतीत होता है।

फलतः अपील अपीलाण्ट्स आंशिक रूप से स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय दिनांक 03.11..2021 के जरिये की गई दोष सिद्वी एंव अर्थ दण्ड को यथावत रखा जाता है,परन्तु सिविल कारावास की सजा को इस शर्त पर स्थगित किया जाता है कि नायब तहसीलदार देवली यह सुनिश्चित करेगे कि अपीलांट्स का अतिक्रमित भूमि पर कब्जा नही हो। पटवारी हल्का द्वारा राजहित मे उक्त भूमि का कब्जा प्राप्त कर लिया है तथा अपीलांट्स द्वारा अधिरोपित अर्थ दण्ड जमा करा दिया है एंव भविष्य मे किसी भी राजकीय सम्पत्ति/भूमि पर अपीलांट्स कब्जा नही करेगा। यदि अपीलांट्स द्वारा अतिक्रमित भूमि से कब्जा हटाया जाने

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.12.30 10:45:21 IST
Reason: SelfAttested

बावारबत जिला कलक्टर
टोंक

का शपथ पत्र झूठा पाया जाता है या अतिक्रमी उसी भूमि पर पुनः कब्जा करता है तो अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय यथावत रहेगा। नायब तहसीलदार देवली हल्का पटवारी से उक्त भूमि पर अतिक्रमण के संबंध मे मासिक रिपोर्ट लेवे। प्रार्थना पत्र स्थगन खारिज किया जाता है। पक्षकारान खर्चा अपना–अपना वहन करेगे।

निर्णय आज दिनांक 25.11.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

25-11-2021

(मुरारी लाल शर्मा)
अति.जिला कलेक्टर,टोक

Signature Not Verified

Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2021.12.30 10:45:21 IST
Reason: SelfAttested